रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 11 | अंक 23 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रू.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026 से 26 अक्टूबर 2026 तक

अखिलेश का चुनावी दांव, 26 नवंबर को आएगा सपा का घोषणापत्र

संविधान दिवस पर जारी होगा 'जन-मन का मैनीफेस्टो', पीडीए के मुद्दों पर रहेगा जोर

रणजीत टाइम्स

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने चुनावी घोषणापत्र की तारीख घोषित कर दी है। उन्होंने सोमवार को बताया कि पार्टी 26 नवंबर 2026 को संविधान दिवस के अवसर पर 'जन-मन का मैनीफेस्टो' जारी करेगी। इसे 'सत्ताईस का संकल्प : पीडीए का प्रणपत्र' नाम दिया गया है। अखिलेश यादव ने सामाजिक समीकरणों और जनता की अपेक्षाओं को पार्टी की रणनीति के केंद्र में रखा है। पीडीए का अर्थ पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग है। पार्टी इस घोषणापत्र के जरिए इन वर्गों सहित आम लोगों के मुद्दों को सामने लाने की तैयारी में है।



घोषणापत्र जारी करने की तारीख पहले घोषित कर सपा ने चुनावी तैयारी का संकेत दिया है। अब नजर इस बात पर रहेगी कि इसमें रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, सामाजिक न्याय और युवाओं से जुड़े किन मुद्दों को प्राथमिकता मिलती है। पार्टी के वादों और उनकी व्यावहारिकता का आकलन घोषणापत्र सामने आने के बाद ही हो सकेगा।

ताजिकिस्तान में एससीओ की बैठक शुरू, राजनाथ सिंह करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

व्यापार, निवेश और क्षेत्रीय सहयोग पर होगा मंथन, 19-20 अक्टूबर तक चलेगी बैठक



नई दिल्ली। ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में आज 19 अक्टूबर से शंघाई सहयोग संगठन की शासनाध्यक्ष परिषद की 25वीं बैठक शुरू हो रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। बैठक 20 अक्टूबर तक चलेगी। बैठक में सदस्य देशों के बीच व्यापार, अर्थव्यवस्था, निवेश, क्षेत्रीय संपर्क, नवाचार और सांस्कृतिक सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा होगी। इसके साथ ही संगठन के अंतर्गत चल रही सहयोग योजनाओं की समीक्षा और वित्तीय एवं संस्थागत कामकाज से जुड़े फैसलों पर विचार किया जाएगा। भारत इस संगठन के माध्यम से क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहा है। डिजिटल सार्वजनिक ढांचे, नवाचार, उद्यमिता और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में भारत की पहल भी चर्चा का हिस्सा रहेगी। पिछली शासनाध्यक्ष परिषद की बैठक नवंबर 2025 में मॉस्को में हुई थी, जिसमें विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार दुशांबे में होने वाली बैठक भारत को सदस्य देशों के साथ आर्थिक सहयोग के नए अवसरों पर विचार करने का मंच देगी।

पंजाब में नशे का कहर

आप सरकार पर अमित शाह का तीखा हमला

गृह मंत्री बोले—नशे के खिलाफ आवाज उठाने वालों की सुरक्षा पर सवाल, 20 अक्टूबर को पीड़ित परिवारों से मिलेंगे



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब की भगवंत मान सरकार पर नशे के कारोबार को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब को नशे की गर्त में धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जिसके कारण अनेक परिवारों को अपने बच्चों को खोना पड़ा है। शाह ने मानसा में नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले परविंदर सिंह झोटा की हत्या और संगरूर जिले के दिड़बा में गुलजार सिंह की मौत का उल्लेख करते हुए पंजाब की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए। गुलजार सिंह के परिवार ने आरोप लगाया कि नशे के मुद्दे पर आवाज उठाने के कारण उन्हें दबाव का सामना करना पड़ा।



HPE कंपनी की अप्रेंटिसशिप ड्राइव में विदिशा जिले के 9 युवाओं का चयन

विदिशा। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिले के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में बैंगलोर की प्रतिष्ठित आईटी कंपनी HPE (Hewlett Packard Enterprise) द्वारा कॉमर्स ग्रेजुएट युवाओं हेतु अप्रेंटिसशिप ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में जिले के कुल 119 युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 9 युवाओं का चयन हुआ। चयनित युवाओं में जागृति बघेल, शासकीय महाविद्यालय विदिशा; तनीशा साहू, गर्ल्स कॉलेज गंजबासौदा; सागर पटेल, एलबीएस कॉलेज गंजबासौदा; शरद कुशवाह एवं सूर्यांश वर्मा, एलबीएस कॉलेज सिरोंज; आशी सरदेशी एवं कुलदीप पटवा, जैन कॉलेज विदिशा; पुष्पेंद्र, वात्सल्य कॉलेज विदिशा तथा प्रियांशु चतुर्वेदी शामिल हैं। यह पहल जिले के युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ कार्य-अनुभव प्राप्त करने और अपने व्यावसायिक कौशल को विकसित करने का अवसर प्रदान करती है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसरों से जोड़ने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

द नेशनल पावर ग्रुप द्वारा विशाल भंडारा एवं मधुर भजनों का आयोजन संपन्न : हरसिद्धि मंदिर में 17वें वर्ष गूँजा आस्था का स्वर

खुशबू श्रीवास्तव

बैरसिया। तरावली स्थित माँ हरसिद्धि मंदिर में गुरुवार को द नेशनल पावर ग्रुप द्वारा 17वें वर्ष भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। माता को चुनरी अर्पित कर कन्या पूजन, भजन संध्या और विशाल भंडारा हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाया। प्रदेश अध्यक्ष पं. जय नारायण बैरागी व कार्यक्रम अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में अतिथियों व संरक्षक मंडल का माँ की चुनरी ओढ़ाकर सम्मान किया गया। ग्रुप द्वारा 'पहली रोटी गाय के नाम' अभियान के तहत घर-घर से रोटी एकत्र कर गौसेवा और निराश्रितों के अंतिम संस्कार के लिए निःशुल्क लकड़ी-कंडे



की व्यवस्था भी की जाती है। इस अवसर पर संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र शर्मा, प्रदीप जैन, अमरजीत सिंह गांधी, कैलाश नारायण सक्सेना सहित दीपक दुबे, भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजमल कुशवाह, सरदार नरवरिया, रूपेश कुशवाह, मुकेश सिलावट, रामबाबू मालवीय, श्याम वैरागी, रामबाबू साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

नवरात्रि गरबा महोत्सव में रोहित यादव ने महिला सुरक्षा और कथित लव जिहाद के प्रति किया जागरूक

खुशबू श्रीवास्तव

संस्था सिद्धि सरकार द्वारा 18 वें गरबा महोत्सव की धूम, भजन गायिका अक्षिता सिंह राजपूत की भजन प्रस्तुति

इंदौर। द्वारकापुरी स्थित आस्था पैलेस कॉलोनी में श्री साईं भक्त मंडल समिति एवं संस्था सिद्धि सरकार मित्र मंडल के तत्वावधान में लगातार 18वें वर्ष भव्य नवरात्रि गरबा महोत्सव का आयोजन श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ किया जा रहा है। महोत्सव में धार्मिक आयोजनों के साथ सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया जा रहा है। आयोजक एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष रोहित यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायिका अक्षिता सिंह राजपूत की भव्य भजन संध्या हुई। भक्ति गीतों की प्रस्तुतियों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु माता रानी की भक्ति में लीन नजर आए।



महिला सुरक्षा और सतर्कता पर दिया जोरकार्यक्रम के दौरान रोहित यादव ने हिंदू बहन-बेटियों को महिला सुरक्षा, व्यक्तिगत सतर्कता, ऑनलाइन संपर्कों में सावधानी तथा कथित लव जिहाद से जुड़े मामलों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के दबाव, धोखाधड़ी या उत्पीड़न की स्थिति में चुप रहने के बजाय परिवार के विश्वसनीय सदस्यों को जानकारी दें और आवश्यकता पड़ने पर पुलिस की सहायता लें। उन्होंने महिलाओं एवं युवतियों से अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की। 18 वर्षों से हो रहा है गरबा महोत्सव परम पूज्य बाल संत श्री ऋषभदास जी महाराज की पावन प्रेरणा से आयोजित यह महोत्सव सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक एकता को समर्पित है।

कार्यक्रम की संरक्षक क्षेत्रीय विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ एवं हिंद रक्षक संगठन के संयोजक श्री एकलव्य सिंह गौड़ हैं। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता दादा शिव सिंह गौड़, श्री वीरेंद्र शेंडगे, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनोज जी परमार, पार्षद श्रीमती गुरजीत कौर, श्री सतनाम सिंह, श्री राजेश तोमर, श्री राजेश गोयल, श्री दिलीप बड़वाया, श्री लखन देपाले, श्री मनीष इमोलिया, श्री छोटू यादव, श्री राहुल यादव, श्री गोलू चौधरी, श्री मनीष यादव, श्री आकाश निहाले, श्री गोलू गंधारे, श्री शिवा भारले एवं श्री भयु यादव सहित अनेक गणमान्यजन और धर्मप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ सनातन संस्कृति का संरक्षण, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा महिलाओं एवं युवतियों की सुरक्षा

कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर प्रभारी उप पंजीयक नरवर जिला कार्यालय में संलग्न

करैरा उप पंजीयक संदीप सिंह गौर को नरवर का अतिरिक्त प्रभार

हेमंत भार्गव

शिवपुरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसमस्याओं और शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की गई है। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों और पूर्व में प्राप्त अनियमितता संबंधी शिकायतों के आधार पर प्रभारी उप पंजीयक नरवर श्री हनीफ खान को जांच अवधि तक उप पंजीयक कार्यालय नरवर से हटाकर जिला पंजीयक कार्यालय शिवपुरी संलग्न किया गया है। जनसुनवाई के दौरान प्रभारी उप पंजीयक श्री हनीफ खान के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके अलावा पूर्व में मगरौनी क्षेत्र से भी उनके कार्यप्रणाली के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा ने जिला पंजीयक को तत्काल प्रभारी उप पंजीयक के विरुद्ध जांच के निर्देश दिए हैं। जिला पंजीयक श्री दुष्यंत दीक्षित ने बताया कि कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देशों के तहत श्री हनीफ खान को आगामी आदेश तक जिला पंजीयक कार्यालय शिवपुरी में संलग्न किया गया है।

वहीं, उप पंजीयक कार्यालय नरवर में पंजीयन कार्य सुचारू रूप से संचालित रखने के उद्देश्य से उप पंजीयक करैरा श्री संदीप सिंह गौर को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ आगामी आदेश तक उप पंजीयक नरवर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

साइबर धोखाधड़ी के प्रकरण में झाबुआ पुलिस की कार्रवाई, दिल्ली से एक आरोपी गिरफ्तार

झाबुआ पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के एक प्रकरण में आरोपी दीपक पिता राजेश बघेल उम्र 19 साल निवासी बुध विहार, रोहिणी नई दिल्ली को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में तकनीकी विश्लेषण एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनांक 08.08.2026 को फरियादी द्वारा अस्पताल में अपॉइंटमेंट लेने के उद्देश्य से गूगल पर मोबाइल नंबर खोजकर संपर्क किया गया था। इस दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने फरियादी से ओटीपी प्राप्त कर उसके बैंक खाते से धोखाधड़ीपूर्वक राशि



निकाल ली। मोबाइल पर बैंक खाते से राशि निकाले जाने के संदेश प्राप्त होने पर फरियादी ने बैंक स्टेटमेंट की जांच की, जिसमें अलग-अलग समय पर कुल 97,086/- निकाले जाने की जानकारी सामने आई। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना काकनवानी में अपराध क्रमांक 183/2026, धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक झाबुआ देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में साइबर सेल एवं थाना काकनवानी की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी की राशि में से 57,363/ पर होल्ड लगवाया गया। साथ ही, तकनीकी विश्लेषण एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश की गई। विवेचना के दौरान प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य उपलब्ध जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी दीपक पिता राजेश बघेल, उम्र 19 वर्ष, निवासी बुध विहार, रोहिणी, नई दिल्ली को गिरफ्तार किया।

सराहनीय कार्य- थाना प्रभारी काकनवानी निरीक्षक श्रीमती नेहा बिरला, चौकी प्रभारी मदरानी सउनि. श्री अरूण गोयल, आर.212 कन्हैयालाल, आर.529 रोशन लोधी का सराहनीय योगदान रहा। झाबुआ पुलिस आमजन से अपील करती है कि अस्पताल में ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने, कस्टमर केयर से संपर्क करने अथवा अन्य सेवाओं के लिए इंटरनेट पर उपलब्ध मोबाइल नंबरों का उपयोग करते समय विशेष सतर्कता बरतें।

किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाते से संबंधित गोपनीय जानकारी अथवा अन्य संवेदनशील विवरण साझा न करें। किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा आधिकारिक पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026 से 26 अक्टूबर 2026 तक

हिंदू जागरण मंच जिला द्वारिका ने गरबा आयोजनों का किया निरीक्षण, आयोजकों को नियमावली की दी जानकारी

इंदौर। नवरात्रि पर्व के दौरान जिले में आयोजित हो रहे गरबा महोत्सवों को लेकर हिंदू जागरण मंच जिला द्वारिका की टीम सक्रिय नजर आई। मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विभिन्न गरबा पंडालों में पहुंचकर आयोजकों और संचालकों से चर्चा की। इस दौरान संगठन की ओर से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दिए गए ज्ञापन में उल्लेखित मांगों एवं नियमावली से आयोजकों को अवगत कराया गया। साथ ही आयोजन स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक समझाइश दी गई। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने आयोजकों से आग्रह किया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं आम श्रद्धालुओं के लिए गरबा आयोजन में प्रवेश पास निःशुल्क रखने की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही आयोजन स्थलों पर आने वाले लोगों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पहचान पत्रों की जांच करने, तिलक लगाने तथा सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई।

मंच की ओर से गरबा आयोजनों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गीतों और भजनों को प्राथमिकता देने, प्रतिभागियों के पहनावे में सांस्कृतिक मर्यादा का ध्यान रखने तथा नशा करके आने वाले लोगों को पंडाल में प्रवेश नहीं देने की मांग भी रखी गई। संगठन के पदाधिकारियों ने आयोजकों से इन बिंदुओं पर गंभीरता से ध्यान देने की अपील की।



ये पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे उपस्थित

निरीक्षण एवं जनसंपर्क अभियान के दौरान जिला द्वारिका के सह-संयोजक विक्की तिवारी, जिला संवेदनशील क्षेत्र प्रमुख रोहित चांसरकर, जिला कार्यालय प्रमुख शैलू ठाकुर, केशव नगर संयोजक संजय यादव, सह-संयोजक मुकेश पाल तथा संवेदनशील प्रमुख नीरज बघेल सहित नगर टोली के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा आदि शंकराचार्य क्षेत्र से सह-संयोजक यश भंडारी, रवि शर्मा, संजय एवं राजेश शर्मा तथा ज्योतिबा फुले क्षेत्र से अभिजीत जाधव और लखन शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता भी अभियान में शामिल हुए। हिंदू जागरण मंच जिला द्वारिका के जिला संयोजक पीयूष जादम के नेतृत्व में संगठन ने गरबा आयोजकों से धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का पालन करने तथा आयोजन स्थलों पर सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने की अपील की।

धार रोड पर चार्टर्ड बस और छाबड़ा बस में भिड़ंत, ढाबे में जा घुसी चार्टर्ड बस

खुशबू श्रीवास्तव

ग्रीन पार्क के पास पेट्रोल पंप की ओर यू-टर्न लेते समय हुआ हादसा, चार्टर्ड बस चालक का पैर फ्रैक्चर; छाबड़ा बस चालक हिरासत में इंदौर। धार रोड स्थित ग्रीन पार्क के पास रविवार, 18 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 8 बजे चार्टर्ड बस और छाबड़ा बस के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद चार्टर्ड बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पंजाबी देसी ढाबे में जा घुसी। दुर्घटना में चार्टर्ड बस चालक गजराज पिता भेरूसिंह सांखला के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार्टर्ड बस क्रमांक MP 09 FA 9237 धार की ओर से इंदौर आ रही थी, जबकि छाबड़ा बस क्रमांक



MP 11 P 0842 गंगवाल बस स्टैंड की ओर से धार की तरफ जा रही थी। इसी दौरान ग्रीन पार्क गेट के पास पेट्रोल पंप पर जाने के लिए छाबड़ा बस चालक ने कथित तौर पर लापरवाहीपूर्वक यू-टर्न लिया। इससे दोनों बसों के बीच टक्कर हो गई और चार्टर्ड बस सड़क किनारे स्थित पंजाबी देसी ढाबे में जा घुसी। हादसे में चार्टर्ड बस चालक गजराज घायल हो गए, जिन्हें पैर में फ्रैक्चर आया है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में चार्टर्ड बस चालक के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के घायल होने की सूचना नहीं है।

पुलिस ने दर्ज किया मामला

पुलिस ने छाबड़ा बस चालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 1242/26, धारा 125, 281 एवं 324(4) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस और चालक को हिरासत में ले लिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

टिमरनी क्षेत्र में कपासी से जूवारदा पुलिया टूटने से आदिवासी समाज मूलभूत सुविधाओं से आज भी वंचित

वीरेंद्र चौहान- रणजीत टाइम्स

हरदा -हरदा जिले के टिमरनी क्षेत्र ग्राम कपासी से जुवारदा जाने वाले मार्ग की पुलिया क्षतिग्रस्त होने से आदिवासी समाज को बहुत ही दिक्कत होगा सामना करना पड़ रहा है। अगर इस गांव में कोई बीमार या धात्री महिला हो तो उसे ले जाने में बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ सकता है अगर समय रहते इस पुलिया की मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो अप्रिय घटना हो सकती है। ग्रामीणों को कहना है कि इसमें मोरम डाली जाए तो मार्ग चालू हो सकता है जिससे किसानों की फसल की बिक्री के लिए भी किसान मंडी में जा सकता है।



शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

छुरा। कुँवार नवरात्रि पर्व के साथ ही माता की स्तुति, आराधना से वातावरण भक्तिमय हो गया है। देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलशों की बढ़ती संख्या श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और विश्वास को दर्शाती है। छत्तीसगढ़ ही नहीं, विदेशों में रहने वाले भक्तगण भी माता के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हुए ज्योति प्रज्वलित कर रहे हैं। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जय मां महामाया सेवा परिवार छुरा माता की सेवा, जसगीत गायन और भक्तिमय प्रस्तुतियों में पूरी श्रद्धा के साथ जुटा हुआ है। देवी मंदिरों तथा घरों में विराजित जग ज्योति जवारा स्थलों पर समिति के सदस्य पारंपरिक जसगीतों और सेवा गीतों के माध्यम से माता का गुणगान कर रहे हैं। समिति के कोषाध्यक्ष राहुल नामदेव ने



बताया कि अंचल के प्रख्यात जसगीत गायक डॉ. के.आर. सिन्हा उनके आदर्श हैं। उन्हीं की भक्ति, गायन शैली और सांस्कृतिक परंपरा से प्रेरणा लेकर समिति के सदस्य सुमिरन से लेकर नवरात्रि के प्रत्येक दिवस के निर्धारित भजनों तक माता की आराधना करते हैं। उनकी प्रस्तुतियों में प्राचीन जसपचरा गीतों के साथ पारंपरिक एवं आधुनिक धुनों का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। समिति द्वारा हिंगलाज भवानी के प्राकट्य, हनुमान जन्मकथा, नंदी जन्म, माता के श्रृंगार, सती कथा, राम-रावण युद्ध, महिषासुर मर्दन, रक्तबीज वध, शुंभ-निशुंभ वध तथा कंकालीन माता की गाथा जैसे विविध धार्मिक प्रसंगों पर आधारित सेवा गीत प्रस्तुत किए जाते हैं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक कथाओं से जोड़ने के साथ लोकगीतों और पारंपरिक जसपचरा की समृद्ध विरासत को जीवंत बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य गायक शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा के नेतृत्व में कोरस कलाकार राहुल नामदेव, डिगेश्वरी गोस्वामी, नंदकिशोर सिन्हा, खुमेश, छन्नू, जितेंद्र पाटकर, पार्थ राव पांडरे, मयंक, रौनक एवं हिमांशु अपनी स्वर साधना से सेवा को भावपूर्ण बनाते हैं। नाल वादन में भोजराज ध्रुव, लुकेश ध्रुव, प्रवीण सिन्हा, मोहन ध्रुव एवं गोकुल तथा मांदर वादन में सागर ध्रुव, नरेंद्र, राघव एवं गोविंद अपनी कला से प्रस्तुतियों में पारंपरिक लोकसंगीत की मधुरता भरते हैं। विशेष बात यह है कि बाल कलाकार गुंजन सिन्हा और योगिता सिन्हा भी अपने दादा की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। वे प्रतिदिन देर रात तक भजन गायन में सहभागिता निभाते हुए नई पीढ़ी को भक्ति, लोकसंस्कृति और पारंपरिक संगीत से जोड़ने का कार्य कर रही हैं।

श्री महागौरी की आराधना

अज्ञान के अंधकार से आत्मचेतना के प्रकाश की ओर

नवरात्रि के पावन पर्व पर माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना की जाती है। इसी क्रम में नवरात्रि के आठवें दिन माँ दुर्गा के अष्टम स्वरूप माँ महागौरी की पूजा-अर्चना एवं ध्यान किया जाता है। माँ महागौरी को पवित्रता, शांति, ज्ञान और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक माना जाता है। उनकी कृपा से साधक के जीवन में व्याप्त अज्ञान, विकार और नकारात्मकता का नाश होता है। सहजयोग की संस्थापिका परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी ने माँ महागौरी के आध्यात्मिक स्वरूप की व्याख्या करते हुए बताया है कि महागौरी आदिकुंडलिनी शक्ति का स्वरूप हैं।

यह कुंडलिनी शक्ति प्रत्येक मनुष्य के भीतर विद्यमान एक जीवंत आध्यात्मिक ऊर्जा है, जो आत्मसाक्षात्कार के माध्यम से जागृत होती है। सहजयोग ध्यान पद्धति में इस शक्ति का जागरण सहज एवं प्राकृतिक रूप से घटित होता है, जिससे मनुष्य अपनी आंतरिक चेतना और आत्मिक स्वरूप का अनुभव करता है। श्री माताजी के अनुसार, कुंडलिनी शक्ति माँ की इच्छाशक्ति है, जो मनुष्य के भीतर स्थित अच्छाई और बुराई को जानती है।



यह शक्ति साक्षी भाव में रहते हुए साधक के आध्यात्मिक उत्थान में सहायक होती है। कुंडलिनी जागरण से व्यक्ति के भीतर शांति, संतुलन और आत्मचेतना का विकास होता है। सहजयोग ध्यान के नियमित अभ्यास से मन की चंचलता कम करने, भावनात्मक संतुलन विकसित करने और जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने में सहायता मिलती है।

माँ महागौरी की शक्ति सहस्रार चक्र को प्रकाशित करने वाली दिव्य चेतना के रूप में वर्णित की गई है। जब मनुष्य ध्यान के माध्यम से अपनी आंतरिक शक्ति से जुड़ता है, तब उसके भीतर ज्ञान, विवेक और आत्मबोध का विकास होता है। यह आध्यात्मिक अनुभूति उसे बाहरी आडंबरों से ऊपर उठकर सत्य की खोज करने की प्रेरणा देती है। जिस प्रकार सूर्य के उदय होने पर अंधकार दूर हो जाता है, उसी प्रकार आध्यात्मिक जागृति से अज्ञान और नकारात्मक विचारों का प्रभाव कम होने लगता है। नवरात्रि का यह पावन अवसर आत्मचिंतन, ध्यान और आंतरिक शुद्धि के लिए विशेष प्रेरणा प्रदान करता है।

माँ महागौरी की आराधना हमें अपने भीतर निहित दिव्य शक्ति को पहचानने तथा जीवन में प्रेम, करुणा, शांति और विवेक को अपनाने का संदेश देती है। आत्मसाक्षात्कार एवं सहजयोग ध्यान के माध्यम से अपनी आंतरिक शक्ति को जागृत करने के लिए अधिक जानकारी हेतु sahajayoga.org.in पर जाएं या टोल फ्री नंबर 1800-270-0800 पर संपर्क करें। सहजयोग पूर्णतया निशुल्क है।

विजयदशमी आत्मचिंतन का पर्व

विजयादशमी पर अपने सूक्ष्म शरीर रूपी यंत्र की जागृति करें सहजयोग से

विजयदशमी एक महत्वपूर्ण हिंदू त्यौहार है जो हर साल अश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी को मनाया जाता है। भगवान राम ने इसी दिन रावण का वध किया था तथा देवी दुर्गा ने नौ रात्रि एवं दस दिन के युद्ध के उपरान्त महिषासुर पर विजय प्राप्त की थी। इस दिन लोग न केवल बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाते हैं, बल्कि अपने जीवन में सकारात्मकता और सत्य को अपनाने का संकल्प भी लेते हैं।



सभी ईश्वर को मानने वालों के लिए दशहरा, दशमी या विजयादशमी आत्म चिंतन का पर्व है। यह पर्व हमें सोचने पर विवश करता है कि रावण को आज तक क्यों जलना पड़ रहा है क्या वो इतना शक्तिशाली है कि उसे हर विजयदशमी को जलाने के बाद भी उसके निराकार अस्तित्व का अंत नहीं होता। वास्तव में, हमारे अंदर के षडरिपु यानि मन के छः शत्रु काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह, मत्सर्य हैं और यही षडरिपु रावण की मृत्यु का कारण बने। अन्यथा रावण महान शिवभक्त व ज्ञानी था। पर अपनी भक्ति पर भी रावण को इतना अहंकार था कि स्वयं त्रिलोकीनाथ शिव को उससे पूजा करवाने के लिए प्रतिदिन लंका आना पड़ता था, यह रावण के अहंकार की पराकाष्ठा थी। एक ओर सुग्रीव हैं जिसने प्रभु श्री राम के चरणों में शीश झुकाया और प्रभु का अनन्य भक्त बन गया। वहीं दूसरी ओर दसग्रीव वाला (दस गले वाला) व तीनों लोकों पर विजय प्राप्त करने वाला रावण प्रभु श्री राम का प्यारा नहीं बन पाया क्योंकि वह षडरिपुओं के आधीन था। हर दशमी पर सिर्फ रावण को जलाना उद्देश्य नहीं होता बल्कि यह संकल्प लेने की प्रेरणा भी होती है कि हम अपने अंदर के समस्त अवगुणों का भी दहन करते हैं। लेकिन प्रश्न है क्या इतना आसान है अपने अवगुणों से पीछा छुड़ाना। बिलकुल... यह बहुत आसान है।

सहज योग के माध्यम से हमारे सूक्ष्म शरीर के छः चक्र सकारात्मक ऊर्जा से हमारे अवगुणों को गुणों में परिवर्तित कर देते हैं। छः चक्र के छः गुण हमारे अंदर प्रस्थापित होते हैं और सातवें चक्र पर हम ईश्वरीय साम्राज्य में प्रवेश कर जाते हैं। संसार में शांति का साम्राज्य स्थापित हो इसके लिए जरुरी है कि हम अपने दुर्गुणों का अंत करने का संकल्प लें। तो चलिए सहज योग से जुड़ते हैं। हम सामान्यतः अपनी आस्थाओं के चलते अपनी रोजी रोटी के माध्यम वाहन, औजार और उपकरण को भी पूजते हैं, ऐसा करके हम अपने दैनंदिन जीवन में उपयोग में आने वाली वस्तुओं का सम्मान करते हैं, ईश्वर के चरणों व मित्रों को सोने का पत्ता भेंट कर स्नेह अभिव्यक्त करते हैं। जब हम इतने भावनात्मक हैं तो अंदर के ईश्वर को समझना भी आवश्यक है क्योंकि प्रकृति का पावनतम रुप हमारे अंदर स्थित है। प्रकृति के इसी पावनतम स्वरूप से हमारे चक्र निर्मित हैं। विजयदशमी तन्त्रों के पूजन का भी दिन है तो हमारे अंदर के उपकरण रुपी चक्र को भी पूजना होगा। आत्मसाक्षात्कार पाना होगा और आत्मचक्षु से अपने अंदर के ईश्वरीय दर्शन का आसास्वादन करना होगा, तभी सही मायने में विजयदशमी मनेगी।

सत्य, सनातन और स्वाभिमान की रक्षा के लिए उज्जैन से अयोध्या तक निकलेगी यात्रा, 20 अक्टूबर को होगा शुभारंभ

उज्जैन से अयोध्या-ओरछा तक मंदिरों में कथित चंदा चोरी और आस्था के व्यावसायिकरण के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में होगी जन- जागरण यात्रा।

उज्जैन/भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में सत्य, सनातन और स्वाभिमान की रक्षा के लिए एक विशेष यात्रा का शंखनाद होने जा रहा है। उज्जैन के पवित्र शिवधाम से शुरू होकर ओरछा के रामधाम होते हुए उत्तर प्रदेश के अयोध्या रामधाम तक जाने वाली इस 'सत्य स्वाभिमान यात्रा' का भव्य शुभारंभ आगामी 20 अक्टूबर यानी दशहरा की सुबह उज्जैन से किया जाएगा। मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने यह महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा के आयोजकों और समर्थकों ने देशवासियों, मालवांचल के नागरिकों तथा मध्य प्रदेश के कोने-कोने से आने वाले सभी राम भक्तों और देशप्रेमियों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक यात्रा के शुभारंभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं।

मंदिरों में कथित चंदा चोरी के खिलाफ कड़ा संदेश...

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य धार्मिक स्थलों पर होने वाली कथित वित्तीय अनियमितताओं और चंदा चोरी के मामलों के खिलाफ मुखर विरोध दर्ज कराना है। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने कड़े शब्दों में यह बात पूरी तरह स्पष्ट की कि उज्जैन स्थित महाकाल बाबा के मंदिर, ओरछा के राम मंदिर और अयोध्या समेत देश के तमाम अन्य प्रतिष्ठित मंदिरों के नाम पर चंदा चोरी की गई है, जिससे सनातन आस्था को आघात पहुँचा है। सत्यनारायण पटेल ने आगे कहा कि इस यात्रा के माध्यम से देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह कड़ा संदेश जाना चाहिए कि "चोरों के लिए समाज में कोई स्थान नहीं है।" धर्म और आस्था को बेचने वालों के खिलाफ अब सभी देशवासियों को एकजुट होकर इस मुहिम को मजबूत करना होगा।



शुभारंभ

नए कार्यालय के शुभारंभ पर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह मरकाम ने दी शुभकामनाएं

इंदौर। रणजीत टाइम्स के नए कार्यालय के अवसर पर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह मरकाम ने रणजीत टाइम्स से जुड़े दौलत सिंह जी एवं रेणु कैथवास से सौजन्य मुलाकात की।





इस दौरान उन्होंने नए कार्यालय के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। मुलाकात के दौरान थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह मरकाम ने पत्रकारिता के क्षेत्र में सकारात्मक एवं जनहितकारी कार्यों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से भी समाचारों एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी पत्रकारों तक पहुंचाएंगे, ताकि जनता की समस्याओं और महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा सके।

इस अवसर पर रणजीत टाइम्स की टीम ने उनके सहयोग एवं शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। नए कार्यालय के शुभारंभ के साथ ही समाचारों के माध्यम से जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से सामने लाने और निष्पक्ष पत्रकारिता को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया। रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह मरकाम का आभार एवं धन्यवाद।

नशामुक्ति अभियान

मां बिजासन मंदिर में नशामुक्ति अभियान को लेकर हुई चर्चा, पंडित जी ने रणजीत टाइम्स की पहल को सराहा

इंदौर। इंदौर के प्रसिद्ध मां बिजासन माता मंदिर में रणजीत टाइम्स के नशामुक्ति अभियान को लेकर मंदिर के पंडित जी से सौजन्य मुलाकात हुई। इस दौरान शारदीय नवरात्रि पर्व, माता रानी की आराधना और धार्मिक आयोजनों में नशामुक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के विषय पर चर्चा की गई।

मुलाकात के दौरान पंडित जी ने रणजीत टाइम्स के नशामुक्ति अभियान की सराहना करते हुए चैनल की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित



कीं। उन्होंने समाज में नशे के प्रति जागरूकता फैलाने और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की इस पहल को सराहनीय बताया।

रणजीत टाइम्स का संदेश है- "नशे से दूरी है जरूरी, स्वस्थ समाज की जिम्मेदारी हमारी।" इस अभियान का उद्देश्य धार्मिक स्थलों, मंदिरों, गरबा पंडालों और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक करना तथा एक स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देना है।

रणजीत टाइम्स न्यूज़ चैनल- जनहित में पत्रकारिता, समाजहित में नशामुक्ति अभियान।

MP में गहराया बिजली संकट

भोपाल। मध्य प्रदेश में बिजली सप्लाई का सिस्टम इन दिनों बुरी तरह लड़खड़ा गया है। राज्य में बिजली की मांग और उत्पादन के बीच बड़ा अंतर आने के कारण ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक बिजली संकट गहराने लगा है। स्थिति यह है कि राज्य में एक दिन में लगभग 15,000 मेगावाट बिजली की जरूरत और खपत है, जबकि उत्पादन मात्र 12,000 से 13,000 मेगावाट के बीच ही हो रहा है। लगभग 2,000 से 3,000 मेगावाट की इस भारी कमी के चलते बिजली कंपनियों ने अलग-अलग इलाकों में कटौती का फैसला लिया है, जिससे ग्रामीण अंचलों में कई घंटों तक बिजली गुल रहने लगी है।

अचानक मांग बढ़ने और संकट पैदा होने के पीछे मुख्य रूप से कृषि संबंधी जरूरतें और मौसम का फेरबदल माना जा रहा है।निमाड़ अंचल में इस बार मानसून के दौरान बारिश कम होने के कारण किसानों ने रबी फसलों के लिए 'पलेवा' (बुवाई से पहले खेत की सिंचाई) का काम समय से पहले ही शुरू कर दिया है।

कचरे से खाद तक- शाहपुर में स्वच्छता के साथ संसाधनों का भी हो रहा सदुपयोग

बुरहानपुर- घरों से निकलने वाला कचरा अक्सर अनुपयोगी समझकर फेंक दिया जाता है, लेकिन सही प्रबंधन और वैज्ञानिक प्रक्रिया से यही कचरा उपयोगी संसाधन बन सकता है। नगर परिषद शाहपुर में कचरे से जैविक खाद तैयार करने की प्रक्रिया इसका अच्छा उदाहरण पेश कर रहा है। यहां घरों, दुकानों, होटलों और सब्जी मंडी से एकत्रित कचरे का पृथक्करण कर जैविक अपशिष्ट से खाद तैयार की जा रही है। इस प्रक्रिया से जहां स्वच्छता बनाए रखने में मदद मिलती है, वहीं कचरे का उपयोगी रूपांतरण भी सुनिश्चित होता है। नगर परिषद शाहपुर में प्रतिदिन सुबह सफाई कार्य की शुरुआत होती है। परिषद के प्रांगण में 60 सफाई मित्र और 10 वाहन चालक एकत्रित होते हैं। निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार 9 कचरा संग्रहण वाहन 15 वार्डों में सफाई व्यवस्था के लिए रवाना होते हैं। ये वाहन घरों, दुकानों, होटलों और सब्जी मंडी से कचरा एकत्रित करते हैं। इस व्यवस्था में नागरिकों की सहभागिता भी महत्वपूर्ण रहती है। गीले कचरे को हरे डिब्बे में और सूखे कचरे को नीले डिब्बे में अलग-अलग रखने से कचरे के बेहतर प्रबंधन में सहायता मिलती है। विभिन्न वार्डों से एकत्रित कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जाता है। यहां निर्धारित प्लेटफॉर्म और शेड में कचरा उतारने के बाद सावधानी एवं सुरक्षा उपकरणों के साथ सफाई मित्र दस्ताने एवं मास्क पहनकर उसका पृथक्करण करते हैं। इस दौरान प्लास्टिक, कागज, गत्ता, धातु, कांच और कपड़े जैसी सामग्री अलग-अलग की जाती है रीसाइक्लिंग योग्य सूखे कचरे को गठानों के रूप में तैयार कर रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जाता है। वहीं, फल-सब्जियों के छिलके, फूल, चायपत्ती तथा घरों एवं सार्वजनिक स्थलों से निकलने वाला बचा हुआ भोजन जैसे जैविक कचरे को अलग रखा जाता है।

विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतु समुदाय के लिए विशेष शिविर संपन्न

धर्मेन्द्र गुप्ता



दस्तावेजों एवं शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने विशेष शिविर, मौके पर बनाए गए 12 आयुष्मान कार्ड

विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतु समुदाय के परिवारों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने तथा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में तहसील स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को विदिशा तहसील एवं गुलाबगंज तहसील में विशेष शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में समुदाय के लोगों की विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं को समझते हुए उन्हें दस्तावेज एवं शासकीय योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल की गई। शिविर में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतु समुदाय के लोगों से जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधार कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए।

झलकारी बाई के सम्मान में 30 साल पुरानी मांग को मिली मंजूरी, महापौर का किया अभिनंदन

कोली/कोरी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर को श्रीफल एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर जताया आभार



राजेश धाकड़

महावर नगर के उद्यान में प्रतिमा स्थापना की मांग पर भी बनी सहमति

इन्दौर । वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा स्थापना एवं उनके नाम पर चौराहे के नामकरण की वर्षों पुरानी मांग को आगे बढ़ाने के लिए कोली कोरी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव का महापौर सचिवालय पहुंचकर अभिनंदन किया। अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ एवं कोरी कोली समाज महापंचायत के संयुक्त तत्वावधान एवं झलकारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश महावर कोली, कोरी कोली समाज महापंचायत के अध्यक्ष दिनेश वर्मा दानिश एवं महावर विचार मंच के अध्यक्ष नंदराम मेहर के नेतृत्व में महापौर सचिवालय में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव को शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिह्न (आभार एवं सम्मान पत्र) भेंट कर नगर निगम की नामकरण समिति में पारित प्रस्ताव के लिए समूचे समाज की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय वीरांगना झलकारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश मावर उपस्थित रहे।

एमटीएच अस्पताल डिलीवरी लापरवाही मामलाः राष्ट्रीय आयोग व कलेक्टर की सख्ती के बाद, NHM भोपाल ने बैठाई जांच टीम और मांगे केस पेपर

(विशेष संवाददाता)ः

इंदौर के महाराजा तुकोजीराव (एमटीएच) अस्पताल में प्रसव के दौरान हुई गंभीर चिकित्सीय लापरवाही का मामला अब तूल पकड़ चुका है। प्रसव में हुई देरी और गलत चिकित्सकीय पद्धतियों के कारण नवजात बच्ची के दिमाग को स्थायी क्षति पहुंच गई है, जिससे वह आजीवन दिव्यांगता का शिकार हो गई है।

इस मामले में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR), नई दिल्ली और कलेक्टर कार्यालय इंदौर की सख्ती के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM), भोपाल ने बिंदुवार जांच कराने के आदेश जारी कर दिए हैं।

15 घंटे का लेबर पेन और वैक्यूम का गलत प्रयोग

ग्राम गारी पिपलिया (माँगलिया, इंदौर) निवासी पूजा मंगरोलिया पति दिनेश मंगरोलिया को 19 मई 2025 को एमटीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों व पीड़िता के बयानों के अनुसार, लगभग 14-15 घंटे तक प्रसव पीड़ा झेलने के बावजूद परिजनों की सी-सेक्शन (ऑपरेशन) की मांग को स्टाफ ने नजरअंदाज कर दिया। आरोप है कि प्रसव के दौरान जूनियर स्टाफ द्वारा वैक्यूम एक्सट्रैक्टर (Vacuum Extractor) का अनुचित और अत्यधिक प्रयोग किया गया, जिससे बच्ची के सिर पर गंभीर चोट आई और ऑक्सीजन की भारी कमी हो गई। इसके कारण मासूम HIE Grade-2 और Encephalomalacia (मस्तिष्क का क्षतिग्रस्त होना) जैसी गंभीर बीमारियों की चपेट में आ गई है, जिसके चलते वह आज पूर्णतः दूसरों पर निर्भर है।



हाईकोर्ट वकील के लीगल नोटिस के बाद जागा प्रशासन

पीड़ित परिवार के अधिवक्ता शिवम उपाध्याय (उच्च न्यायालय, इंदौर) के मार्गदर्शन और लीगल नोटिस के माध्यम से इस कानूनी लड़ाई की शुरुआत हुई। इसके आधार पर क्षेत्रीय स्वास्थ्य संचालक और राष्ट्रीय स्तर के आयोगों ने संज्ञान लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (भोपाल) ने एक विशेष जांच दल का गठन किया है और पूरे प्रकरण की बिंदुवार जांच रिपोर्ट मांगी है। जांचकर्ता अधिकारी एवं वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. स्मिता तिवारी ने एमटीएच अस्पताल अधीक्षक और एसएनसीयू (SNCU) इंचार्ज को बच्ची की संपूर्ण मेडिकल फाइल व केस पेपर तुरंत जांच टीम को सौंपने के निर्देश दिए हैं। इस जांच दल की प्रतिलिपि एमजीएम मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता, सीएमएचओ इंदौर, प्रो. डॉ. सुमित्रा यादव (FOGSI President), डॉ. हेमंत गुप्ता (DHO-1), डॉ. प्रवीण जड़िया (शिशु रोग विशेषज्ञ) और डॉ. ज्योति सिमलोट (स्त्री रोग विशेषज्ञ) को भी भेजी गई है।

कलेक्टर कार्यालय का 7 दिन का अल्टीमेटम

दूसरी ओर, पिता दिनेश मंगरोलिया की शिकायत पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) (पत्र क्रमांकः MP-100634/2026-27) ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग के निर्देश पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कार्यालय, इंदौर (आदेश क्रमांक 966/अ.कौ.-5/2026) द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CMHO) को पत्र भेजकर 7 दिनों के भीतर पूरी जांच आख्या प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। पीड़ित परिवार की मुख्य मांगें (अधिवक्ता शिवम उपाध्याय के माध्यम से):

सख्त कार्रवाईः लापरवाह चिकित्सकों और संबंधित जूनियर स्टाफ पर अनुशासनात्मक व कानूनी कार्रवाई की जाए।

आजीवन इलाज

गरीबी रेखा के नीचे जीवन बसर करने वाले इस परिवार की मासूम बेटी के आजीवन इलाज की संपूर्ण व्यवस्था शासन द्वारा की जाए।

मुआवजा

परिवार को हुए मानसिक, शारीरिक, आर्थिक नुकसान और कानूनी कार्रवाई में हुए खर्च का समुचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

देवास जिले के बारोली की दलित बेटी के साथ कथित यौन शोषण का मामला, अखिल भारतीय बलाई महासंघ ने थाना बरोठा का किया घेराव

खुशबू श्रीवास्तव

पीड़िता को न्याय दिलाने और आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग, मकान पर वैधानिक कार्रवाई की भी उठाई मांग

देवास जिले के ग्राम बारोली में दलित समाज की एक बेटी के साथ कथित यौन शोषण का गंभीर मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 अक्टूबर की रात करीब 1 बजे रियाज पिता नौशाद मंसूरी ने दलित समाज की बेटी के साथ यौन शोषण किया । मामले की जानकारी मिलने पर पीड़ित परिवार ने अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनोज जी परमार से संपर्क कर न्याय की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनोज जी परमार ने तत्काल महासंघ के पदाधिकारियों को सक्रिय किया और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए थाना बरोठा पहुंचकर पुलिस प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखने के निर्देश दिए।





इसके बाद महासंघ के पदाधिकारियों ने थाना बरोठा पहुंचकर घेराव किया और मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पदाधिकारियों ने आरोपी के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई करने तथा पीड़िता और उसके परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई। महासंघ की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, पुलिस ने मामले में कथित यौन अपराध, पॉक्सो एक्ट तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। हालांकि, संबंधित धाराओं और प्रकरण की स्थिति की आधिकारिक पुष्टि पुलिस से की जानी शेष है। प्रदर्शन के दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने आरोपी के मकान को जमींदोज करने की मांग भी उठाई। महासंघ का कहना है कि महिलाओं और बेटियों के विरुद्ध होने वाले अपराधों में निष्पक्ष जांच, त्वरित कानूनी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। किसी भी संपत्ति पर कार्रवाई कानून और प्रशासनिक प्रक्रिया के अनुसार की जानी चाहिए थाना प्रभारी सविता सिंह ओर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक मयंक वर्मा ने मकान जमींदोज करने की ओर जिहादियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया । इस दौरान मुख्यरूप से लोकेश मालवीय, प्रशांत चौहान, दीपक सोलंकी, सोहन, मोनू मिथौरिया, भरत बिल्लौरे, विशाल दंतोदिया, रितेश परिहार, मानस वर्मा, बबलू बंजारा, अमित चनाल, विपिन शर्मा, करण केवट, संजय धाकड़ एवं सोनू चौहान सहित महासंघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अखिल भारतीय बलाई महासंघ ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा पीड़िता और उसके परिवार को सुरक्षा एवं न्याय उपलब्ध कराया जाए।

भोपाल में 1300 एकड़ शत्रु संपत्ति की जांच, प्रशासन को 14 दिन की



भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में करीब 1300 एकड़ शत्रु संपत्ति को लेकर प्रशासन ने जांच की तैयारी तेज कर दी है। संबंधित अधिकारियों को अगले 14 दिनों में संपत्तियों की पहचान कर उनकी सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही 31 अक्टूबर तक डिजिटल अभिलेख अद्यतन कर शासन को रिपोर्ट भेजने को कहा गया है। इस कार्रवाई का उद्देश्य शत्रु संपत्तियों का वास्तविक ब्योरा जुटाना, उनके स्वामित्व और वर्तमान स्थिति का सत्यापन करना तथा अवैध कब्जों की पहचान करना है।

प्रशासन को भूमि के उपलब्ध राजस्व अभिलेखों, संपत्ति संबंधी दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड का मिलान करना होगा, ताकि किसी संपत्ति की स्थिति को लेकर भ्रम न रहे। शत्रु संपत्ति वह संपत्ति होती है जो निर्धारित कानूनी प्रावधानों के तहत शत्रु देश से संबंधित व्यक्तियों या संस्थाओं की मानी जाती है और जिसका प्रबंधन केंद्र सरकार के अधीन अभिरक्षक द्वारा किया जाता है। ऐसी संपत्तियों के मामलों में कार्रवाई संबंधित कानून और अभिलेखों के आधार पर ही की जा सकती है।

अब प्रशासन के सामने तय समयसीमा में पूरी सूची तैयार करने और रिकॉर्ड की विसंगतियां दूर करने की चुनौती है। जांच के दौरान यह भी महत्वपूर्ण होगा कि वास्तविक शत्रु संपत्ति की पहचान प्रमाणित दस्तावेजों के आधार पर हो तथा किसी वैध स्वामित्व वाले व्यक्ति के अधिकार प्रभावित न हों। 31 अक्टूबर तक शासन को भेजी जाने वाली रिपोर्ट से स्पष्ट होगा कि कितनी संपत्तियों का सत्यापन पूरा हुआ और कितने मामलों में आगे की कार्रवाई की आवश्यकता है।

नवरात्रि पर्व पर दिया भक्ति और नशामुक्ति का संदेश

इंदौर। मालवा मिल स्थित नई जीवन की फेल, श्मशान घाट के पीछे निवासरत रविदास जी महाराज उर्फ रवि बोरासी गुरु महाराज ने शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने माँ दुर्गा की आराधना, नौ दिनों की सेवा, ज्योत-जवारे की स्थापना से लेकर विसर्जन तक की धार्मिक परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डाला। रविदास जी महाराज



ने इस पावन अवसर पर धर्म, सेवा, सद्भाव और मानव कल्याण का संदेश देते हुए समाज के लोगों से बुराइयों से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने माँ दुर्गा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की कामना की। रणजीत टाइम्स न्यूज़ चैनल की ओर से सभी श्रद्धालुओं को नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं।

जब जिंदगी में आए सवाल तो शान्ति से पूछो

सह संपादक अनिल चौधरी

इंदौर। महिलाओं के रोजमर्रा के सवालों और फैसलों में मदद के लिए निहार शान्ति आंवला ने अपनी तरह की पहली AI आधारित पहल शान्ति से पूछो इंदौर में पेश की है। सी21 मॉल में आयोजित कार्यक्रम में ब्रांड ने 'शान्ति' नाम का डिजिटल साथी लॉन्च किया।

यह एक व्हाट्सऐप चैटबॉट है जो महिलाओं को सलाह, भरोसा और मज़बूत फ़ैसले लेने के लिए, शान्ति से पूछो ।एक नया नजरिया देने में मदद करेगा। कंपनी के अनुसार यह पहल इस समझ पर आधारित है कि महिलाएं अक्सर ऐसी जगह सलाह लेना चाहती हैं जहां उन्हें आलोचना का डर न हो।इस अनुभव को देखने के लिए इंदौर में हजारों की संख्या में ग्राहक पहुंचे और उन्होंने चैटबॉट के साथ सीधे बातचीत की।मैरिको लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर विक्रम करवाल ने कहा, कई पीढ़ियों से निहार शान्ति आंवला महिलाओं की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा रहा है। 'शान्ति से पूछो' इसी विरासत को आगे बढ़ाने वाली पहल है, जहां ब्रांड की भूमिका सिर्फ बालों की देखभाल से आगे बढ़कर एक भरोसेमंद साथी की बन गई है।'शान्ति से पूछो' व्हाट्सऐप बॉट से जुड़ने के लिए ग्राहक 9004002080 नंबर पर व्हाट्सऐप मैसेज भेज सकते हैं या गूगल पर 'शान्ति से पूछो' सर्च कर सकते हैं।

इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ाने के लिए सीएम डॉ. मोहन ने की नई पहल, इंदौर में होगी अर्बन कॉन्क्लेव-2026, यहां करना होगा ऑनलाइन पंजीयन

भोपाल। मध्यप्रदेश में शहरी विकास को नई दिशा देने और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई पहल करने जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में 28 अक्टूबर को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में अर्बन कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में शहरी विकास के नए मॉडल, निवेश की संभावनाओं, डिजिटल गवर्नेंस, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की शहरी जरूरतों पर विशेषज्ञों, निवेशकों, स्टार्टअप्स और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श होगा। कॉन्क्लेव के दौरान सीएम डॉ. यादव निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे। इसमें नगरीय क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं, प्रस्तावित परियोजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर संवाद होगा। इसके अलावा वे परियोजनाओं का शुभारंभ करने के साथ-साथ नगरीय विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का भूमि पूजन और लोकार्पण भी करेंगे। इस दौरान कई जन-प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और एक्सपर्ट भी मौजूद रहेंगे। अर्बन कॉन्क्लेव-2026 का उद्देश्य प्रदेश में निवेश, नवाचार, आधुनिक तकनीक और स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रोत्साहित करना है। इसमें निवेशकों, स्टार्टअप्स और युवाओं को सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है। इच्छुक प्रतिभागी ugconclave.mp.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं।

गौरतलब है कि, कॉन्क्लेव में टियर-2 शहरों के सुनियोजित विकास पर विशेष सत्र आयोजित होगा। इसमें उनके घनत्व, परिवहन आधारित विकास (टीओडी), ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स (टीडीआर), आवासीय पुनर्विकास, मास्टर प्लान, विकास गलियारों, रेरा स्वीकृतियों, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसका उद्देश्य शहरों के विस्तार के साथ भूमि का बेहतर उपयोग, आवासीय सुविधाओं में सुधार और परिवहन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में शहरी विकास को निवेश अनुकूल, तकनीक आधारित और नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप बनाने पर जोर दिया जा रहा है। कॉन्क्लेव में इस दिशा में नीतिगत सुधारों और आधुनिक विकास मॉडलों पर विचार कर शहरों को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

डिजिटल गवर्नेंस और पर्यावरण अनुकूल शहरों पर मंथन नगरीय प्रशासन को अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के लिए आयोजित सत्र में स्वचालित भवन अनुज्ञा अनुमोदन प्रणाली (एबीपीएएस), ऑनलाइन अनापत्ति प्रमाण-पत्र एवं विकास अनुज्ञा प्रणाली, जीआईएस आधारित नियोजन, डिजिटल गवर्नेंस और परियोजना प्रबंधन सूचना प्रणाली जैसे विषय शामिल होंगे।

ग्राम पंचायत पारापानी में प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान, CEO से लगाई गुहार

शिवम् प्रजापति

ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार, ग्राम पंचायत पारापानी के अंतर्गत आने वाले ग्राम तांवरी में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत की गई है। आवेदन में वर्तमान सरपंच कमलाबाई धुर्वे, सचिव अर्जुन सिंह मरावी एवं रोजगार सहायक सचिव तामेश्वर पुसाम के कार्यकाल को लेकर सवाल उठाए गए हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान सरपंच के कार्यकाल में पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति नहीं मिल पाई है।



आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि लगभग पांच वर्ष पहले स्वीकृत कुछ आवास पुराने हैं, जबकि वर्तमान कार्यकाल में नए आवास स्वीकृत नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार सरपंच एवं सचिव के समक्ष अपनी समस्या रखी, लेकिन उनकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मामले की जांच कराने और पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि ग्राम पंचायत पारापानी में पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ क्यों नहीं मिल पा रहा है? क्या संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले की जांच की जाएगी? और क्या वास्तव में पात्र परिवारों को आवास योजना का लाभ मिल पाएगा?

फिलहाल, ग्रामीणों ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ कब तक मिल पाता है।

फ्रांस में महंगाई के खिलाफ

5.5 लाख लोग सड़कों पर, हिंसा में 400 गिरफ्तार

छात्रों से शुरू हुआ आंदोलन देशव्यापी विरोध में बदला, कई शहरों में आगजनी और लूटपाट

पेरिस। फ्रांस में बढ़ती महंगाई, ईंधन की कीमतों और बदहाल सार्वजनिक सेवाओं के खिलाफ 17 अक्टूबर को देशव्यापी प्रदर्शन हुए। गृह मंत्रालय के अनुसार, करीब 5.5 लाख लोग 110 प्रदर्शनों में शामिल हुए। हिंसा के सिलसिले में लगभग 400 लोगों को गिरफ्तार किया गया। आयोजकों ने प्रदर्शनकारियों की संख्या करीब आठ लाख बताई।



आंदोलन की शुरुआत स्कूलों में शिक्षकों की कमी और खराब सुविधाओं के खिलाफ छात्रों के विरोध से हुई थी। बाद में इसमें श्रमिक संगठनों और महंगाई से परेशान लोगों की भागीदारी बढ़ गई। प्रदर्शनकारियों ने बेहतर शिक्षा व्यवस्था, वेतन, पेंशन और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार की मांग उठाई। पेरिस समेत कई शहरों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। कुछ स्थानों पर आगजनी, दुकानों में लूटपाट और सरकारी इमारतों को नुकसान पहुंचाने की घटनाएं सामने आईं। पुलिस ने आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हिंसा और तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। घटनाओं ने सरकार के सामने महंगाई और जन-असंतोष से निपटने की चुनौती बढ़ा दी है।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा)